# कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला रायगढ़ (छ.ग.)

क्रमांक/स्थापना/एन.एच.एम./2023 1614 रायगढ़ दिनांक 20.03.2023

## राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत कलेक्टर दर पर भर्ती संबंधी सूचना

मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, रायपुर का पत्र क्रमांक/एनएचएम/एचआर/2023/NS-1749/4932 नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 15/02/2023 के द्वारा दिए गए निर्देशानुसार रायगढ़ जिले में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत विभिन्न रिक्त पदों को अस्थाई रूप से कलेक्टर दर पर रखे जाने की अनुमति उपरांत तालिकानुसार रिक्त पदों के (रू. 15000 से कम वेतनमान) अस्थाई भर्ती हेतु ऑनलाईन गुगल फॉर्म LINK :-

**https://docs.google.com/forms/d/e/1FAIpQLSd0I6FbjdjelRJ6D_tizSCuaDhzBnpMuBgbTLvg4ZfSDEqIAw/viewform**

में दिनांक 21.03.2023 को प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 22.03.2023 के दोपहर 12:00 बजे तक आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। **केवल और केवल आवेदन ऑनलाईन गुगल फॉर्म के माध्यम से ही स्वीकार किये जावेंगे।**

अस्थाई भर्ती हेतु निर्धारित अर्हताधारी योग्यता एवं रिक्त पद का विवरण निम्नानुसार है :-

| S.No. | Programme | Post Name (As per Rationalization) | Vacant | QUALIFICATION | COLLECTOR RATE |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | NRC | Feeding Demonstrator | 1 | BSC Home Science | 10350 |
| 2 | NHM | Laboratory Technicians | 2 | D.M.L.T. Or B.M.L.T./Passed in Pathology Paramedical Course With Ragistration in C.G. Paramedical Council. | 11130 |
| 3 | DEIC | Technical Assistant - Optemetrist | 1 | Diploma in Optometry form a Recognized Institution However. Candidates Having Masters/Bachelor Degree in Optometry will be given preference. | 11390 |
| 4 | NHM | Counselor - NHM | 2 | PG Degree/Diploma in Psychology/Counselling/health/education/ Mass Communication/ Social Science | 11130 |
| 5 | NHM | OT Technician (LaQsya FRUs) | 1 | OT Technician Paramedical Course & Live Registrastion in Chhattisgarh Paramedical Registration Council | 11130 |
| 6 | NHM | 2nd ANM | 2 | 12th passed, ANM passed with INC affilited Training centre & Live Registration in Chhattisgarh Nurse Registration Council | 11130 |
| 7 | SNCU | Aya Bai | 1 | 8th Passed | 9960 |
| 8 | NHM | Jr. Secretarial Assistant - PADA | 5 | 12th Passed with at least 1 year Diploma in Computer Application | 11130 |
| 9 | RBSK | ANM | 3 | ANM Course Passed in Indian Nursing Board & Registration in CG Nurses Registration Council | 11130 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 10 | DEIC | Laboratory Technician | 1 | **D.M.L.T. Or B.M.L.T./Passed in Pathology Paramedical Course With Ragistration in C.G. Paramedical Council.** | **11390** |
| 11 | DEIC | Dental Assistant | 1 | **1. Diploma in Dental Technology from a recognized intitution(Reference will be given to candidates having at least 2 years post Qalification experience in related field)** | **11390** |
| 12 | IDSP | Laboratory Technicians - DPHL | 4 | **D.M.L.T. Or B.M.L.T./Passed in Pathology Paramedical Course With Ragistration in C.G. Paramedical Council.** | **11390** |
| 13 | NMHP | Secretarial Assistant - NMHP 2 | 1 | **मान्यता प्राप्त विश्व विद्यालय से स्नातक उपाधि के साथ मान्यता प्राप्त संस्थान से डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन** | **11390** |
| 14 | SNCU | Secretarial Assistant - SNCU | 1 | **B.com Minimum 55%+1 Year Computer Diploma PGDCA** | **11390** |
| 15 | IDSP (DPMU) | Secretarial Assistant - IDSP | 1 | **Graduate with at least 1 year Diploma in Computer Application** | **11390** |

## भर्ती के संबंध में सामान्य शर्ते एवं दिशा–निर्देश :–

1–विज्ञापित पद हेतु केवल छ.ग. राज्य के मूल निवासी ही पात्र होंगें।

2–ऑनलाईन गुगल फॉर्म के माध्यम से आवेदन करने हेतु निर्धारित तिथि तक समस्त शैक्षणिक एवं अन्य अर्हताएं पूर्ण होना अनिवार्य है।

3–कार्यालय द्वारा आवेदकों के प्रमाण पत्र एवं फोटो मांगे जाने पर आवेदक को सर्व प्रमाण पत्रों/फोटो में स्व प्रमाणित / स्व हस्ताक्षरित / Self Attasted करना अनिवार्य होगा।

4– एक से अधिक पदों में भर्ती के इच्छुक उम्मीदवारों को प्रत्येक पद के लिये अलग–अलग आवेदन प्रस्तुत करना होगा।

5–**आयु सीमा** :– अस्थायी भर्ती के लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं अधिकतम 35 वर्ष होगी। आयु गणना हेतु आधार वर्ष 01.01.2023 होगा। अन्य समय–समय पर शासन के निर्देशानुसार छूट प्राप्त होगी।

6–अंतिम चयन सूची जारी करने के पूर्व मूल प्रमाण पत्रों की जांच की जाएगी, इसमें सहीं पाये जाने पर ही उनके चयन हेतु अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

7– समान अंक प्राप्त होने की स्थिति में अभ्यर्थियों की जन्मतिथि को आधार मानकर वरीयता तय की जायेगी। जिन अभ्यर्थियों की जन्मतिथि पहले होगी (उम्र में बड़े होंगे) उन्हें प्राथमिकता प्रदान की जायेगी।

8–चयन प्रक्रिया हेतु निम्नानुसार अंक निर्धारित हैं :–

- शैक्षणिक योग्यता – 70% (12 वीं का 30% एवं अनिवार्य अर्हता 40% कुल 70%)
  **(जिन पदों में अनिवार्य शैक्षणिक अर्हता में 12 वीं पास नहीं है, ऐसे पदों में अनिवार्य शैक्षणिक अर्हता का 70% अंकों की गणना की ज़ावेगी।)**
- अनुभव – 10% (अनुभव हेतुशासकीय संस्था का अनुभव मान्य होगा। प्रत्येक पूर्ण वर्ष हेतु 2 अंक निर्धारित)
- साक्षात्कार – 20%

- कुल 100% अंकों के आधार पर मेरिट सूची तैयार किये जाने उपरांत वरीयताक्रम अनुसार नियुक्ति किये जाने हेतु चयनित अभ्यर्थी एवं प्रतीक्षा सूची तैयार किया जावेगा।
- पात्र आवेदकों को मेरिट के आधार से 1:4 के अनुपात से साक्षात्कार/कौशल परीक्षा लिया जायेगा। इसी के आधार पर साक्षात्कार/कौशल परीक्षा उपरांत अंतिम चयन सूची जारी की जावेगी।

9–मात्र आवेदन करने पर ही किसी का चयन सुनिश्चित नहीं होगा।

10–विज्ञापित पद पूर्णतः अस्थायी है। प्रथमतः 89 दिवस हेतु नियुक्ति आदेश जारी किये जायेंगे।

11–नियमित/संविदा भर्ती के संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग/वित्त विभाग की अनुमति प्राप्त हो जाने पर कलेक्टर दर पर रखे जाने वाले कर्मियों की सेवा समाप्त कर नियमित/संविदा भर्ती की कार्यवाही की जावेगी।

12–कलेक्टर दर पर रखे गये कर्मियों द्वारा नियमितिकरण की मांग तथा सेवा समाप्त न किये जाने हेतु कोई मांग नहीं की जावेगी, न ही किसी धरना प्रदर्शन इत्यादि में सम्मिलित/शामिल होंगे, इस बाबत् शपथ पत्र संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।

13–भर्ती की प्रकिया के दौरान होने वाले किसी भी विवाद एवं समस्या पर अंतिम निर्णय लेने का सर्वाधिकार जिला स्तरीय चयन समिति का होगा, जो सभी आवेदकों को मान्य होगा।

14–भर्ती के संबंध में समस्त सूचना/जानकारी **कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला रायगढ़ (छ.ग.)** के **सूचना पटल** पर एवं जिले की वेबसाईट **https://raigarh.gov.in** में समय–समय पर प्रकाशित किया जावेगा।इसके अतिरिक्त किसी अन्य के माध्यम से कोई सूचना नहीं दी जावेगी। **भर्ती/प्रकाशन** के संबंध में सूचना/जानकारी को प्राप्त करना केवल और केवल आवेदक की ही जिम्मेदारी होगी।

15– **भर्ती एवं आवेदन संबंधी निर्देश :–**

1– ऑनलाईन गुगल फॉर्म के माध्यम से दिनांक 21.03.2023 को प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 22.03.2023 के दोपहर 12:00 बजे तक आवेदन आमंत्रित किये जावेंगे। तत्पश्चात् लिंक स्वमेव बंद हो जावेगा।

2– दिनांक 23.03.2023 को दावा आपत्ति करने हेतु प्रारंभिक मेरिट सूची प्रकाशित की जावेगी, जो कार्यालयीन सूचना पटल एवं कार्यालय कलेक्टर रायगढ़ के सूचना पटल पर प्रकाशित/चस्पा की जावेगी।

3– दिनांक 24.03.2023 को समय प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक दावा आपत्ति ऑफलाईन कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रायगढ़ (छ.ग.) में प्राप्त की जावेगी।

4– दिनांक 24.03.2023 को प्राप्त दावा आपत्ति का निराकरण उपरांत दोपहर 02:00 बजे मेरिट सूची सहित साक्षात्कार/कौशल परीक्षा हेतु पात्र आवेदकों की सूची प्रकाशित की जावेगी।

5– दिनांक 24.03.2023 को ही साक्षात्कार/कौशल परीक्षा हेतु पात्र आवेदकों को समय दोपहर 3:00 बजे से स्थान – कार्यालय कलेक्ट्रेट, रायगढ़ के सृजन सभा कक्ष में आयोजित है।

6– ऑनलाईन गुगल फॉर्म से प्राप्त सूची अनुसार ही भर्ती कार्यवाही पूर्ण किया जावेगा।

7– ऑनलाईन गुगल फॉर्म को आवेदक पूर्णतः जांच कर एवं सही/सत्य जानकारी के साथ ही आवेदन करेंगे अन्यथा त्रुटिपूर्ण आवेदन पर किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा और न ही किसी प्रकार का सुधार/संषोधन किया जावेगा।

7– उक्त भर्ती प्रक्रिया के दौरान विवाद की स्थिति निर्मित होने अथवा नियम/शर्तों आदि में किसी भी प्रकार का संशोधन करने का सर्वाधिकार जिला चयन समिति को होगा।

**(चयन समिति द्वारा अनुमोदित)**

**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी**
**जिला– रायगढ़ (छ.ग.)**